Title : Need to construct a railway foot overbridge near Ahmedabad East Parliamentary Constituency, Gujarat-laid

श्री हँसमुखभाई सोमाभाई पटेल **(**अहमदाबाद पूर्व**) :** मेरे मत विस्तार अहमदाबाद पूर्व लोकसभा में शामिल नरोदा विधानसभा क्षेत्र में नरोदा अंडरपास के पास कुबेरनगर आईटीआई स्थित है । इस आईटीआई में आसपास के इलाकों से बड़ी संख्या में छात्र पढ़ने आते हैं । कुछ समय पहले रेलवे विभाग द्वारा रेलवे के चारों ओर दीवार बनाने के कारण इन बच्चों को खतरनाक तरीके से दीवार और रेलवे ट्रैक फांदकर आईटीआई की पढ़ाई के लिए आना पड़ता है और नरोदा अंडरपास में चलने के लिए कोई फुटपाथ न होने के कारण उन्हें दुर्घटनाओं के डर के बीच सड़क पार करनी पड़ती है । भविष्य में कोई दुर्घटना न हो और बच्चों को कोई परेशानी न हो इसलिए मेरा रेलवे विभाग एवं माननीय रेल मंत्री जी से विनम्र अनुरोध है कि इस रेलवे ट्रैक के ऊपर एक फुटओवर ब्रिज बनाया जाए ।